हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 27 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 25.2 डिग्री
न्यूनतम 20.6 डिग्री

10 शिशु संस्कार केंद्र के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



12 राजनीति में शुचिता के प्रतीक थे अटल बिहारी : सिन्हा





# सड़क किनारे वाहनों की बेतरतीब पार्किंग से दुर्घटना की आशंका

## मुख्य मार्गों पर बड़े वाहनों से सामान खाली होने के कारण होती है जाम की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर में यातायात व्यवस्था रोड किनारे खड़े होने के कारण बड़े दुर्घटना होने की संभावना बनी हुइ है। मुख्य मार्गो में बड़े वाहनों से सामान खाली होने के कारण जाम की स्थिति भी निंमित हो जाती है। सबसे ज्यादा स्थिति खराब शहर के गुजरने वाली हाइवेर की है। नगर में रायपुर रोड से लेकर बागबाहरा जाने मार्ग तक ट्रकों की लाइन रोड पर रहती है। सुबह से भारी मालवाहकों को खड़ा कर दिया जाता है। जबकि कई ट्रकों को बेवजह ही यहां खड़ी रहती है जो जानलेवा साबित हो सकते हैं।

बता दें कि शहर में कहीं भी ट्रकों को पार्किंग की जा रही है जो दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहे हैं। शहर के बाहर खाली स्थानों पर खड़े करने के बजाय ट्रकों को शहर के अंदर कहीं भी सड़क किनारे ही खड़ी कर दी जाती है, जिसके कारण अगल-बगल से आने वाली गाड़ियां नजर ही नहीं आती, जिससे हादसे होते हैं। कार्रवाई करने के बजाय यातायात पुलिस केवल पेट्रोलिंग करते नजर आते हैं। शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने का सार्थक प्रयास नहीं हो पा रहा है।

### रायपुर रोड की स्थिति खराब

वहीं बस स्टैंड से लेकर रायपुर रोड मार्ग से बेलसोंडा तक बड़े मालवाहक वाहन सड़क किनारे खड़े नजर आते है। इन मार्गो पर कइ दर्जन वाहन खड़ी की जाती है। इस मार्ग में वाहनो के खड़े होने के और आने जाने वाले वाहनों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में दुर्घटना होना स्वाभाविक है। ऐसे में जबतक मार्ग से ऐसे वाहनों को हटाया नहीं जाएगा जब तक दुर्घटनाओं पर लगाम लग नही सकता है।



### नगर ट्रांसपोर्ट सिस्टम अव्यवस्थित

शहर में ट्रांसपोर्ट सिस्टम की व्यवस्था चरमराइ ही है। शहर की आबादी और वाहनों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जिसके चलते रोजाना नगर के मुख्य मार्ग में जाम की स्थिति बन रही है। जाम की वजह से कई बार वाहन एक दूसरे से टकरा जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज



**महासमुंद।** महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट के मामले में बसना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को पिलवापाली निवासी समयमोती खुंटे ने बताया कि 25 दिसंबर की रात करीबन 8 से 8.30 बजे के मध्य उसकी पुत्री फलिता का स्वास्थ्य खराब होने पर गांव का डाक्टर इलाज के लिए घर आया था। इलाज के बाद डाक्टर को पुत्र दिलीप खुंटे घर छोड़ने गया, पास में ही अनंत राम कोसरिया का किराना दुकान में रूकने के दौरान प्रार्थिया के पुत्र के साथ गांव के परखित खुंटे, भूपेंद्र खुंटे ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर डंडे से मारपीट की। इस घटना की जानकारी युवक ने दी और बताया कि घटना के समय मोबाइल फोन भी खो गया। प्रार्थिया अपने पुत्र के मोबाईल को खोजने अनंत राम कोसरिया के किराना दुकान के पास खोजबीन कर मांझाखोल में आ रही थी, उसी समय मंगली खुंटे, दुशीला खुंटे ने एकराय होकर प्रार्थिया से भी गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट किया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### बस एजेंट के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बस एजेंट के साथ मारपीट के मामले में बसना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को प्रार्थी मोहन डडसेना निवासी ग्राम साल्हेतराई ने बताया कि वह बस एजेंट का काम करता है। 25 दिसंबर को शाम करीबन 7.30 बजे घर में था, तभी प्रार्थी का साला याकूब सोना घर के सामने मेरी पत्नी को शराब के नशे में घरेलू बात को लेकर गाली गलौज कर रहा था, जब बाहर निकलकर गाली गलौज करने से मना किया तो आरोपी ने हाथ में रखे ब्लेड से पेट, हाथ में वार कर चोट पहुंचाया तथा ईंट से फेंक कर मारा जिससे सिर में चोट लगी। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 118(1), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## कार्रवाई : ओडिशा से राजस्थान जा रहे थे तस्कर

# कपास के बीज के नीचे छिपा रखा था 32 लाख का गांजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- ट्रक में गुप्त चैंबर बनाकर ले जा रहे था राजस्थान में खपाने, दो तस्कर गिरफ्तार



कपास बीज की आड़ में गांजा तस्करी की योजना फेल हो गई। पुलिस ने आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया और तस्करों से 32 लाख का गांजा बरामद हुआ, जिसकी जब्ती कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। मिली जानकारी के अनुसार तस्करी के लिए बकायदा चैंबर बनाया गया था और ओडिशा से गांजा लेकर तस्कर राजस्थान की ओर जा रहे थे। इस दौरान बलौदा पुलिस ने तस्करों से 164 किलो गांजा जब्त किया।

बलौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पेट्रोलिंग दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ओडिशा की ओर से 02 व्यक्ति एक 12 चक्का ट्रक क्रमांक यूपी 94 टी 4673 में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर आ रहे हैं। इस सूचना के बाद फॉरेस्ट नाका सिरपुर जाकर नाकेबंदी की गई। तभी उक्त ट्रक को रोका गया, जिसमें 02 व्यक्ति सवार थे, ट्रक में रखे सामान के बारे में पूछने पर उन लोगों ने वाहन के डाला में कपास का बीज लोड होना बताया और ट्रक को चेक कराने में टाल-मटोल करने लगे तथा दोनों के जवाब में भिन्नता पाए जाने और गांजा रखने का संदेह होने पर पूछताछ की गई, तब वाहन चालक ने अपना नाम बलबीर सिंह कुशवाहा पिता देवीलाल कुशवाहा (35 वर्ष) निवासी मुरेरा थाना सोनागिर जिला दतिया (मप्र) तथा बगल सीट में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम अखलेश अहरवार पिता हरदास अहरवार (30 वर्ष (निवासी राजापुर थाना उन्नाव जिला दतिया (मप्र) का रहने वाला बताया। ट्रक की तलाशी के दौरान बॉडी में कपास का बीज लोड था तथा केबिन से सटकर एक गोपनीय चैंबर बनाया गया था, जिसमें खाकी रंग के टेप से टेपिंग किया हुआ मनोत्तेजक मादक पदार्थ गांजा के कुल 158 पैकेट पाया गया। गांजा के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपियों ने उसे पाटनागढ़ (ओडिशा) से बंसुर (राजस्थान) खपाने ले जाना बताया। पुलिस ने आरोपियों के संयुक्त कब्जे से 158 नग खाखी रंग से टेपिंग किया हुआ मादक पदार्थ गांजा कुल वजन 164 किग्रा कीमत 32,80,000 रुपए, 12 चक्का ट्रक कीमत 20,00,000 रुपए, मोबाइल समेत कुल 52,92,000 रुपएके सामान को बरामद किया। मामले में आरोपियों को धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

### दुर्घटना में युवक की मौत, युवती घायल

**महासमुंद।** शादी करने मंदिर जा रहे युवक-युवती के एक्सीडेंट के मामले की सिंघोड़ा पुलिस ने जांच की है। जांच के बाद पुलिस ने बताया कि 21 दिसंबर को लगभग 10:30 बजे मोटर सायकल होंडा 125 क्रमांक सीजी 06 जीएक्स 1957 में मृतक मिथलेश बंछोर पिता अशोक बंछोर (22 साल) निवासी गौरटेक एवं किरण बेहरा पिता किशोर बेहरा (20 साल) निवासी सिंघनपुर थाना बसना जिला महासमुंद से मंदिर शादी करने जा रहे थे। लगभग 12:30 बजे खम्हारपाली बेरियर के पास ट्रक क्रमांक 28 बीबी 4882 के चालक ने अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते अचानक ब्रेक लगा दिया जिससे मोटर सायकल टकराने से एक्सीडेंट हो गया, घटना में मिथलेश बंछोर के सिर में बांये हाथ में, गले के पास गंभीर चोट लगने से मौत हो गई एवं किरण बेहरा के नाक एवं हाथ में चोट लगी। संपूर्ण मर्ग जांच के बाद आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125(ए), 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# शिक्षक के साथ मारपीट, फेडरेशन ने की दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- शिक्षक फेडरेशन ब्लाक इकाई महासमुंद ने शिक्षा अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लाक इकाई महासमुंद ने प्राथमिक शाला गोंगल के सहायक शिक्षक लोकेश्वर सिंह ध्रुव के साथ मारपीट करने वाले दोषियों पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा।

जिला अध्यक्ष दिनेश नायक व ब्लॉक अध्यक्ष बाबू लाल ध्रुव के नेतृत्व में फेडरेशन का प्रतिनिधि मंडल ने अधिकारियों से चर्चा कर इस मामले पर दोषी शिक्षक जिनके द्वारा अपने ही विभाग के सहायक शिक्षक के साथ गाली गलौज कर मारपीट की गई, उस पर कठोर विभागीय कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा कि पूरा मामला अत्यंत गंभीर है। शिक्षक के साथ कार्य स्थल में इस प्रकार की घटना होना गंभीर चिंता का विषय है। इस प्रकार की घटना भविष्य में न हो, इसलिए दोषी शिक्षक पर कड़ी विभागीय कार्रवाई नितांत आवश्यक है। जिला अध्यक्ष दिनेश नायक ने कहा कि मारपीट की घटना निंदनीय है, जब तक मारपीट करने वाले शिक्षक पर कार्रवाई नहीं हो जाती यूनियन शांत नहीं बैठने वाला है। फेडरेशन पीड़ित सहायक शिक्षक के साथ खड़ा है। ब्लॉक अध्यक्ष बाबू लाल ध्रुव ने कहा कि शिक्षक के मान-सम्मान को ठेस पहुंचाने का कार्य किया गया, जो कि कदापि उचित नहीं है। ब्लॉक कार्यकारणी लोकेश ध्रुव के साथ एकजुट होकर खड़ी है। दोषी शिक्षक पर विभाग जल्द कार्रवाई करने अन्यथा संघ इस पर कठोर कदम उठाने के लिए मजबूर होगा, जिसकी समस्त जवाबदारी शिक्षा विभाग की होगी। विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रतिनिधि मंडल को विश्वास दिलाते हुए कहा कि संघ की मांग पर आवश्यक पहल की जाएंगी और जल्द उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर जांच टीम बनाकर इस पूरे मामले की विभागीय जांच करा कर दोषी शिक्षक पर अवश्य उचित कार्रवाई की जाएगी।



ज्ञापन देने प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव ईश्वर चंद्राकर, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सिराज बक्श, प्रदेश विधिक सलाहकार बीपी मेश्राम, जिला सचिव दुर्वासा गोस्वामी, ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश बघेल, बागबाहरा कार्यकारी अध्यक्ष राजेश चंद्राकर, ब्लाक सचिव लव निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में फेडरेशन पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्लांट के खिलाफ ग्रामीणों ने दी सामूहिक आत्मदाह की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छग संयुक्त किसान मोर्चा ने करणी कृपा प्लांट के खिलाफ आंदोलन से जुड़े किसान, मजदूर, छात्र व ग्रामीणों ने सामूहिक आत्मदाह की चेतावनी दी है। प्लांट के खिलाफ अनवरत धरना स्थगित जरूर हुआ लेकिन, प्लांट के खिलाफ कानूनी लड़ाई और अवैध कृत्यों के खिलाफ समय-समय पर आंदोलन जारी है। शासन-प्रशासन का लगातार ध्यान आकर्षित कराए जाने और पुख्ता दस्तावेजों के साथ शिकायत के बावजूद करणी कृपा प्लांट के खिलाफ कार्रवाई में शासन-प्रशासन नाकाम साबित हुआ है। और तो और उनके पक्ष में न्यायालय द्वारा दिए गए फैसलों का भी क्रियान्वयन नहीं कराया जा सका है। आंदोलन से जुड़े किसान, मजदूर, छात्र व ग्रामीण अब सामूहिक आत्मदाह करेंगे।

प्रेस वार्ता के दौरान मोर्चा पदाधिकारी जागेश्वर प्रसाद, छन्नू साहू, अशोक कश्यप, बृजबिहारी लाल साही, राधा बाई सिन्हा, हेमसागर पटेल आदि ने कहा कि सामूहिक आत्महत्या करने संबंधी बैठक जल्द ही ली जाएगी। बैठक के बाद आत्मदाह की तिथि तय की जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता चाहे किसी की हो, सभी करणी कृपा के इशारे पर काम कर रही है। कोई भी प्लांट काबिल कास्त की भूमि पर नहीं लगाया जा सकता और तो और निजी किसानों की जमीन भी बलपूर्वक हथिया ली गई है। लगातार आंदोलन और प्रमाणित दस्तावेज देने के बावजूद केवल बाउंड्रीवॉल ही तोड़ी जा सकी, अब भी निजी जमीन प्लांट के कब्जे में है।

### निजी जमीन पर भी प्लांट का कब्जा

पत्रकारवार्ता में उपस्थित हेमसागर पटेल ने कहा कि खसरा नं.1103/1 में 25 डिसमिल 1101 में 28 डिसमिल 1104 में 1 एकड़ जमीन उनके नाना नरेश्वर प्रसाद पिता रूपलाल पटेल ने 1983 में खरीदी थी तब से अब तक उन्हीं के कब्जे में है, लेकिन प्लांट द्वारा जमीन कब्जा कर लेने के चलते वह खेती नही कर पा रहा है।

पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

आवश्यकता है

महासमुंद जिला कार्यालय में संपादकीय विभाग में

रिपोर्टर (2 पद)

के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।

अनुभवी को प्राथमिकता

(हिंदी टायपिंग अनिवार्य)

इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ कार्यालय में संपर्क करें। समय: सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

-संपर्क करें-

99811-31365

Email-haribhoomi.msmd@gmail.com

हरिभूमि प्रीतम प्राइड कॉम्पलेक्स, स्वामी चौक-महासमुंद



## खबर संक्षेप



### शिशु संस्कार केंद्र के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**महासमुंद।** स्थानीय शिशु संस्कार केंद्र के प्राथमिक विभाग के छात्र-छात्राओं ने 22 दिसंबर को शैक्षणिक भ्रमण के तहत नया रायपुर स्थित ऊर्जा पार्क, इस्कॉन मंदिर और कैवल्य धाम का अवलोकन किया। इस पिकनिक का उद्देश्य बच्चों में ज्ञानवर्धन के साथ-साथ मनोरंजन और नैतिक मूल्यों का विकास करना था। पिकनिक का पहला पड़ाव ऊर्जा पार्क था, जहां बच्चों ने सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और अन्य प्राकृतिक ऊर्जा स्त्रोतों के मॉडल देखकर विज्ञान के प्रति अपनी रुचि बढ़ाई। इसके बाद इस्कॉन मंदिर में जाकर बच्चों ने आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया और भक्ति व अनुशासन के महत्व को समझा। अंत में कैवल्य धाम में योग और ध्यान की गतिविधियों ने बच्चों को मानसिक शांति और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। विद्यालय की शिक्षिकाओं और अन्य कर्मचारियों की देखरेख में यह पिकनिक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बच्चों ने इस यात्रा का भरपूर आनंद लिया और इसे यादगार बनाया। प्रधानाचार्य ने इस तरह की गतिविधियों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया और इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

# धान उठाव नहीं होने से लग रहा जाम समिति प्रभारी की बढ़ रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बसना विधानसभा क्षेत्र के सांकरा, पिरदा, बसना, गढ़फुलझर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा अंतर्गत धान खरीदी केंद्रों में धान उठाव नहीं होने से जाम की स्थिति निर्मित हो गई है। इधर, 14 नवंबर से धान की खरीदी लगातार हो रही है। धान उठाव नहीं होने की स्थिति में खरीदी बंद हो सकती है। राइस मिलर्स के साथ सरकार की बैठक से सार्थक हल नहीं निकल पाया है। राइस मिलर्स अपने बचे हुए भुगतान को लेकर अड़े हुए हैं। छत्तीसगढ़ शासन और राइस मिलर्स के बीच समझौता नहीं होने से उत्पन्न दिक्कतों को किसानों और समिति प्रभारियों को झेलना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक से कोई भी हल नहीं निकल पाया है। राइस मिलरों द्वारा धान नहीं उठाने से धान खरीदी केंद्रों में धान का ढेर लगते जा रहा है। डीओ कटने के बाद भी धान का उठाव व परिवहन नहीं किया जा रहा है। धान उठाव नहीं होने से समितियों के पास विकराल समस्या खड़ी हो गई है।

उल्लेखनीय है कि जिला



सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर शाखा पिरदा अंतर्गत सहकारी समिति पथरला, बरनाई दादर, नरसैय्यापल्लम, झारमुडा, चनाट, सरकंडा, भस्करापाली, तरेकेला, जगदीशपुर धान खरीदी केंद्रों में धान शेष है, जिसका परिवहन नहीं हुआ है। सांकरा सहकारी समिति शाखा अंतर्गत एक ऐसा धान उपार्जन केंद्र डोंगरीपाली जहां पर धान 13518.40 क्विंटल, सहकारी समिति चनाट अंतर्गत धान उपार्जन केंद्र में 15453 क्विंटल धान खरीदी हुई है लेकिन अभी तक उठाव शून्य है।

बता दें कि पथरला में 31764 क्विंटल धान खरीदी हुआ है। जिसमें राइस मिलर्स द्वारा 240 क्विंटल, संग्रहण केंद्र द्वारा 3380 क्विंटल उठाव किया गया है। 26879.20 क्विंटल धान शेष है। बरनाई दादर में 17391क्विं खरीदी, उठाव राइस मिलर्स 1400 क्विंटल,15993.60 क्विंटल, चनाट में 24044.40 क्विंटल खरीदी की गई है। 1820 क्विंटल धान उठाव हुआ है। 22266.40 क्विंटल धान शेष है। टांगापासा में 34839.20 क्विंटल खरीदी, 5620 क्विंटल उठाव, 29219.20 धान उठाव होना शेष है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार समिति प्रभारियों द्वारा ऐसी स्थिति धान खरीदी नहीं किए जाने बातें सामने आ रही है। समिति प्रबंधकों का कहना है कि 14 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ हो गई है। प्रत्येक साल 01 दिसंबर से धान उठाव प्रारंभ हो जाता था। लेकिन, इस साल धान उठाव नहीं होने के कारण उपार्जन केंद्रों में धान रखने का जगह नहीं है। अगर जल्द धान का उठाव नहीं होने से खरीदी बंद सकती है। किसानों के हित में छत्तीसगढ़ सरकार को इस ओर से विशेष रूप से ध्यान देने आवश्यकता है।

# धान संग्रहण पर कार्रवाई 1035 बोरा धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में अवैध धान भंडारण के विरूद्ध सतत कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में मंगलवार को सरायपाली तहसील के विभिन्न गांवों में राजस्व व मंडी विभाग के अधिकारियों ने अवैध रूप से संग्रहित धान और चावल के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 1035 बोरा अवैध धान जब्त किया गया। जिसमें ग्राम कोइलबहार में उत्तम प्रधान के घर से 66 बोरा अवैध धान बरामद किया गया। इसी गांव में दीपक साहू के गोदाम में 177 बोरा धान अवैध रूप से संग्रहित पाया गया। प्रशासन ने इसे तुरंत जब्त कर गोदाम को सील कर दिया। ग्राम सिंगबहाल में गजपति साव के घर से 220 कट्टा अवैध धान बरामद हुआ, जिसे अधिकारियों ने तुरंत



अपने कब्जे में ले लिया।

वहीं, ग्राम कुटेला में भी बड़े स्तर पर अवैध भंडारण का मामला सामने आया। उत्तम साहू के गोदाम से 180 कट्टा अवैध धान और 30 कट्टा पीडीएस चावल जब्त किया गया। कुटेला में ही नरेश साहू के गोदाम से 186 कट्टा अवैध धान जब्त हुआ। इसी प्रकार ग्राम बलोदा में दीपक अग्रवाल के गोदाम से 206 कट्टा अवैध धान बरामद किया गया। राजस्व व मंडी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत की गई है, जो मंडी अधिनियम और कृषि उपज व्यापार में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए लागू हैं। अवैध भंडारण और खरीद-फरोख्त पर सख्त कदम उठाए जा रहे हैं ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## आरक्षण प्रक्रिया के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

**महासमुंद।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन वर्ष 2024-25 के लिए आरक्षण की प्रक्रिया के संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समय-सारिणी घोषित कर दी गई है। जिले में जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच पदों के लिए प्रवर्गवार आरक्षण की प्रक्रिया 28 और 29 दिसंबर को पूरी की जाएगी। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की उपस्थिति में आरक्षण की प्रक्रिया को लेकर सभी अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार और निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों को हैंड्स ऑन प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर ने विहित अधिकारियों को स्थानीय निर्वाचन के निर्देशानुसार और नियमानुसार आरक्षण की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ पालन करने के निर्देश दिए हैं। उप संचालक पंचायत दीप्ति साहू ने आरक्षण की प्रक्रिया के संबंध में पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उपस्थित अधिकारियों को मॉक ट्रेनिंग भी कराया गया। ज्ञात है कि 28 दिसंबर को पंच एवं सरपंच पदों के लिए विकासखंड स्तर पर आरक्षण की प्रक्रिया होगी तथा 29 दिसंबर को जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष व जनपद सदस्य पदों के लिए प्रवर्गवार आरक्षण किया जाएगा।

# शरीर, मन व भावनाओं को स्वस्थ, संतुलित रखने की विद्या है योग : स्वामी विद्यानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- योग की सर्वाधिक पूर्ण व शक्तिशाली प्रक्रिया शंख प्रक्षालन क्रिया
- योग प्रशिक्षण शिविर में दीर्घशंख प्रक्षालन 29 दिसंबर को

दिव्य जीवन संघ, योग मित्र मंडल एवं मातृशक्ति संस्कृति के संयोजन में 10 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर शिवानंद कुटीर योग आश्रम के संचालक एवं योगाचार्य स्वामी विद्यानंद सरस्वती के संचालन में 20 दिसंबर से प्रारंभ हो चुका है। शिविर में प्रत्येक दिन सुबह आसान, प्राणायाम एवं ध्यान, शाम को प्राणायाम, योगनिद्रा एवं त्राटक एवं दोपहर सत्र में महिलायों को योग का अभ्यास कराया जा रहा है। शिविर में बड़ी संख्या में लोग योग प्रशिक्षण एवं योग चिकित्सा का लाभ ले रहे हैं। जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य रक्षा, रोग उपचार, मनोनिग्रह एंव आत्मिक चेतना का विकास है।

29 दिसंबर को कौंदकेरा जंगल में दीर्घशंख प्रक्षालन के अलावा जलनेति, कुंजल आदि हठयोग की यौगिक क्रियाएं संपन्न होगी। स्वामी विद्यानंद सरस्वती ने अभ्यास सत्र के दौरान बताया कि योग जीवन पद्धति है। यह जीने की कला है। यह शरीर, मन एवं भावनाओं को स्वस्थ, संतुलित रखने की विद्या है। योग के अभ्यास से



केवल स्वास्थ्य की रक्षा ही नहीं होती, बल्कि दैनिक जीवन में शारीरिक, मानसिक एवं भावात्मक रोगों का उपचार भी संभव है। यह जीने की अन्य उपायों की तुलना में सरल, वैज्ञानिक तथा जीवन की हर अवस्था में व्यवहारिक एवं पूर्ण है। उन्होंने कहा कि शंख प्रक्षालन पेट की यौगिक सफाई का तरीका है। यह योग की सर्वाधिक पूर्ण व शक्तिशाली प्रक्रिया है। साधारण उपवास द्वारा जो परिणाम हफ्तों या महीनों बाद सामने आते हैं उनका अनुभव इस क्रिया के माध्यम से 3-4 घंटे बाद होने लगता है। यद्यपि इसका गहरा प्रभाव शारीरिक स्तर पर ही दिखाई देता है। परंतु, यह क्रिया मन और प्राण पर गहरा प्रभाव डालती है। 10 दिवसीय योग शिविर में आसन-प्राणायाम के अभ्यास के बाद अंत में शरीर दीर्घशंख प्रक्षालन की क्रिया के लिए तैयार किया जाता है, इस वर्ष भी 29 दिसंबर 24 को कौंदकेरा के जंगल में योगाभ्यार्थियों को जलनेति, कुंजल एवं दीर्घ शंख प्रक्षालन क्रिया खाली पेट में करना होता है। पूर्ण क्रिया के लिए 16 गिलास कुनकुने जल की आवश्यकता होती है। स्वामी ने बताया कि शंख प्रक्षालन के बाद न केवल हल्कापन अनुभव किया जा सकता है, बल्कि चेतना में भी एक स्पष्ट परिवर्तन अनुभव किया जा सकता है। इसका अभ्यास अनेक व्याधियों अचेतन, मानसिक कब्ज एवं शारीरिक कब्ज को दूर करता है। शरीर के शोधन के साथ मन का भी शोधन होता है। सजगता की वृद्धि होती है। इस प्रकार इस क्रिया द्वारा चेतना के विकास को भी अनुभव कर सकते हैं। स्वामी ने बताया कि शंख प्रक्षालन के 45 मिनट बाद मूंग दाल एवं चावल की खिचड़ी करीब 100 ग्राम घी मिलाकर खानी चाहिए। शंख प्रक्षालन के बाद एक सप्ताह तक आहार नियमों का पालन करना जरूरी है। गौरतलब है कि नगर में विगत 33 वर्षों से 10 दिनी योग प्रशिक्षण के दौरान हठयोग की क्रियाएं कराई जाती है। 30 दिसंबर को प्रातः सत्र के पश्चात शिविर के समापन का कार्यक्रम रखा गया है।

# नागरिकों के सहयोग से हो रहा शहर में विकास, विकास क्रम जारी : राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- महामाया तालाब में उद्यान एवं गोलबाजार में सर्वसुविधायुक्त शौचालय का लोकार्पण किया

मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने शहर के समाजसेवियों, पार्षदों सब्जी व्यापारियों और नागरिको की उपस्थिति में महामाया तालाब परिसर में पालिका द्वारा निर्मित बाल उद्यान का लोकार्पण कर शहरवासियों को सौगात दी। महामाया तालाब परिसर में करीब 19 लाख रुपए की लागत से शहर व वार्डवासियों की सुविधा के लिए उद्यान का निर्माण किया गया है। यहां बच्चों के खेलने के झूला, फिसलपट्टी समेत अन्य मनोरंजन की साम्रगी लगाया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती महिलांग ने कहा शहर में निरंतर विकास कार्य जारी रहें यही उनका उद्देश्य है। शहर के नागरिकों को हर तरह की सुविधाएं देने का प्रयास जारी है जो पहले भी था और आगे भी जारी रहेगा। शहर में आज जो भी विकास कार्य हो रहा है वह सभी नागरिकों के सहयोग से ही संभव हो पा रहा है। उन्होंने सभी से भविष्य में इसी तरह के सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में पूर्व नपा उपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग, कन्हैया शुक्ला,



समाजसेवीद्वय मोती बाफना, मोती बरड़िया, प्रकाश साकरकर, नरेंद गुप्ता, जसराज कोचर, किशोर महंती, सुरेंद्र स्वामी, गनाजन्द भोई, श्रीमती सतीबाई चंद्राकर, व्यापारी नेमीचंद सोनी, सब्जी विक्रेता संघ अध्यक्ष संतोष चंद्राकर, गोलबाजार व्यापारी संघ अध्यक्ष भारत लाल खत्री, एल्डरमेन जावेद चौहान, सोमेश महिलांग, अंकित राय, प्रसून चंद्राकर के साथ बड़ी संख्या में नागरिकगण मौजूद रहें।

## गोलबाजार में सर्वसुविधायुक्त शौचालय का किया लोकार्पण



शहर के गोलबाजार परिसर में पौनी पसारी योजना के तहत पालिका द्वारा निर्मित सर्वसुविधायुक्त शौचालय का लोकार्पण श्रीमती महिलांग ने व्यापारियों की उपस्थिति में किया गया। शुभारंभ कर श्रीमती महिलांग ने कहा कि गोलबाजार के व्यापारियों और ग्राहकों की वर्षों पुरानी मांग है जो आज पूरी हुई। व्यापारियों और ग्राहकों को अब बाजार में ही सर्वसुविधायुक्त शौचालय की सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में पूर्व नपा उपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग, व्यापारी संघ अध्यक्ष शंभू साहू, पार्षद उर्मिला साहू, गुमान मालू, समीम चौहान, गोपी पाटकर, दौलत मंगलानी, तुलसी साहू , रमेश पाहूजा, सिरिस गंडेचा, चंद्रशेखर देवांगन के साथ ही बड़ी संख्या में बाजार के व्यापारीगण मौजूद रहें।

# पंचायत नेतृत्व एवं प्राथमिक शिक्षा सशक्तिकरण पर कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत पिथौरा के 30 ग्राम पंचायतों की सक्रिय महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए पंचायत नेतृत्व एवं प्राथमिक शिक्षा सशक्तिकरण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पीरामल फाउंडेशन (एस्पिरेशनल भारत कोलैबोरेटिव) की ओर से जनपद पंचायत सभागार में आयोजित किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा में सुधार लाने के लिए पंचायत, समुदाय और शिक्षकों के सामूहिक प्रयासों को मजबूत करना था। इसमें 30 ग्राम पंचायतों की सक्रिय महिलाओं ने हिस्सा लिया और प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए कई पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। प्रमुख विषय-वस्तु और सत्र कार्यशाला में स्कूल मैनेजमेंट कमेटी (एसएमसी) के प्रभावी संचालन, बाला (बिल्डिंग ऐज लर्निंग एड) जैसे शिक्षण उपकरणों के उपयोग और भाषा एवं गणित के अभ्यास पत्रकों की उपयोगिता पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। महिलाओं को बच्चों की पढ़ने की क्षमता सुधारने के लिए 100 दिन का रीडिंग कैंपेन चलाने की योजना तैयार करने में प्रशिक्षित किया गया। स्थानीय समुदाय की भूमिका को रेखांकित करते हुए, पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों और स्वयं सहायता समूहों ने प्राथमिक शिक्षा के समग्र विकास के लिए सामूहिक कार्ययोजना तैयार की। कार्यशाला ने न केवल पंचायत और शिक्षा में सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित किया, बल्कि महिलाओं के नेतृत्व कौशल को भी सशक्त बनाया। यह पहल प्राथमिक शिक्षा में सुधार लाने और बच्चों के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम के आयोजन में महेंद्र आर्य, प्रवीण यादव, सूरज जयसवाल, ऋचा साहू और सुरेंद्र कुमार सहित पीरामल फाउंडेशन की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# पीएलसी समूह महासमुंद ने किया लामीखार स्कूल का शैक्षिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शिक्षा ज्योति पीएलसी समूह महासमुंद ने शासकीय प्राथमिक शाला लामीखार संकुल बोजिया विकासखंड धरमजयगढ़ (जिला रायगढ़) का शैक्षिक भ्रमण किया। जो कि ब्लॉक मुख्यालय से 45 किमी दूर घने जंगलों के बीच आदिवासी ग्राम है। समूह के सदस्यों का स्वागत शाला परिवार और विद्यार्थियों द्वारा बड़े ही उत्साह और आत्मीयता से किया गया। शाला परिसर में पहुंचने पर समूह ने विद्यालय के शैक्षिक वातावरण का अवलोकन किया। समूह के सदस्यों ने विद्यार्थियों के हिंदी, गणित, पर्यावरण और अंग्रेजी विषयों की दक्षताओं का आंकलन किया। सभी विद्यार्थी अपने-अपने विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दिखाई दिए। यह विद्यार्थियों और शिक्षकों



की कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है। शैक्षिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने चित्र देखकर कहानी बनाने और शब्दों के आधार पर रचनात्मक कहानियां प्रस्तुत करने का अभ्यास किया। यह उनकी रचनात्मकता और अभिव्यक्ति कौशल को विकसित करने का बेहतरीन उदाहरण है। समूह के सदस्य रामनाथ बलराम नेताम, नीलक यादव, पुरुषोत्तम चंद्राकर और हृदय लाल ध्रुव ने विद्यालय परिवार को अपनी ओर से घरौंदा (धनमौरी) भेंट स्वरूप प्रदान किया। इस अवसर पर विद्यालय के निरंजन पटेल, प्रदीप नायक प्रधान पाठक, बूंदू सिंह पोर्ते और समुदाय व अन्य शिक्षकों ने समूह के प्रति आभार व्यक्त किया। शिक्षा ज्योति पीएलसी समूह हर वर्ष इस तरह के शैक्षिक भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों और शिक्षकों को प्रेरित करता है। यह प्रयास शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने और नई विधाओं को अपनाने की दिशा में सराहनीय है। उक्त जानकरी बलराम नेताम ने दी।

# धन, बल, यश व घर परिवार का घमंड करने वाले के यहां लक्ष्मी का वास नहीं होताः दुबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय एफसीआई रोड के पीछे स्थित जगन्नाथ भवन में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा में गजेंद्र मोक्ष का बखान करते हुए व्यास पीठ से पं. नंदाचार्य दुबे ने कहा कि अंतिम समय में मोक्ष प्राप्ति के लिए गजेंद्र मोक्ष की कथा का श्रवण करना चाहिए। इसी तरह गीता पाठ, भागवत कथा, विष्णु सहस्त्रनाम के जाप से भी मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है। कहते हैं घमंड करने वाले का घर खाली हो जाता है, इसलिए मनुष्य को कभी भी घमंड नहीं करना चाहिए। लेकिन, मनुष्य को जो नहीं करना चाहिए वही करता है। धन अधिक होने पर धन का और बल अधिक होने पर बल का घमंड करता है। धन, बल, यश, घर परिवार का घमंड करने वाले के यहां लक्ष्मी का वास नहीं होता और धीरे-धीरे लक्ष्मी चली जाती है। आज बड़े-बड़े दाऊ, करोड़पति केवल नाम के रह गए हैं। विपत्ति आने पर केवल ठाकुर ही सहायता करते हैं, इसलिए मनुष्य को सदैव प्रभु की शरणागति में रहना चाहिए। घर परिवार सभी विपत्ति के समय मुंह फेर लेते हैं। उन्होंने व्यास पीठ से श्रद्धालुओं को गजेंद्र मोक्ष कथा श्रवण कराते हुए कहा कि अपने परिवार के साथ गज राजा आनंदपूर्वक जीवन व्यतीत कर रहा था। लेकिन, उसे अपने बल का बहुत अभिमान था, बल के अभियान में चूर वह एक दिन जल क्रीड़ा परिवार के साथ करने के लिए जलाशय पहुंचा। जल क्रीड़ा के दौरान जलाशय में रहने वाले ग्राह्य (मगर) ने





गजराज के पैर पकड़ लिया। विपत्ति में फंसे गजराज ने अपने परिवार को सहायता के लिए बुलाया, सभी सहायता करने आए, लेकिन ग्राह्य को भारी पड़ता देख धीरे-धीरे सभी चले गए। गज और ग्राह्य के बीच करीब 1 साल तक संघर्ष चला। अंत में जब गज बलहीन हो गया और उसे मगर जलाशय की ओर खींचने लगा तो उन्होंने भगवान को स्मरण कर प्राण रक्षा के लिए पुकार लगाई। कमल पुष्प हाथ में लेकर गजेंद्र की पुकार पर ठाकुर दौड़े-दौड़े आए और चक्र सुदर्शन से पहले ग्राह्य का उद्धार किया और बाद में गजेंद्र को मुक्ति प्रदान की।

महाराज ने कथा प्रसंग में बताया कि अगस्त ऋषि के शाप के कारण राजा इंद्रघुम्न को गज के रूप में जन्म लेना पड़ा था। एक बार ध्यान मग्न अवस्था में राजा इंद्रघुम्न बैठे हुए थे, उसी समय महर्षि अगस्त वहां से निकले। लेकिन राजा ने उनका सत्कार नहीं किया, इस पर कुपित होकर अगस्त मुनि ने उन्हें जड़ हो जाने का शाप दिया। इस श्राप के कारण राजा इंद्रघुम्न हाथी के रूप में जन्म लिए। लेकिन पूर्व जन्म में भगवान के परम भक्त थे और हाथी योनि में आकर भी उन्होंने प्रभु भक्ति नहीं छोड़ी थी इसलिए भगवान को मोक्ष देने के लिए आना पड़ा। प्रत्येक मनुष्य को चाहिए कि वह हमेशा भगवत भक्ति में लीन रहे। व्यास पीठ से पं. नंदाचार्य दुबे ने कथा प्रेमियों को देवताओं के श्रीविहीन होने, समुद्र मंथन, भगवान के कच्छप अवतार, मोहिनी स्वरूप कथा का भी विस्तार से बखान किया। जगन्नाथ भवन में अपने पूर्वजों की स्मृति में महंती परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। कथा का 29 दिसंबर को विराम होगा।

# तहसील कार्यालय बसना, तहसील स्तर पर प्रशासनिक व्यवस्था का मुख्य स्तंभ

## आधुनिक जन सेवाओं और जनहित कार्यों में तत्पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तहसील कार्यालय बसना, ब्रिटिश शासनकाल से लेकर वर्तमान समय तक, प्रशासनिक और जनहित कार्यों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह कार्यालय न केवल भूमि से संबंधित नागरिकों की जरूरतों को पूरा करता है, बल्कि शासन की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने में भी अग्रणी है। राजस्व विभाग का यह प्रमुख हिस्सा जिले की प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। फौती नामांतरण, खाता बंटवारा, सीमांकन, डायवर्सन और बंदोबस्त त्रुटि सुधार जैसे भूमि कार्यों का समय पर निपटान इसका मुख्य उद्देश्य है। साथ ही, आय, जाति, और निवास प्रमाण-पत्र जैसे दस्तावेज लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत तय समय सीमा में नागरिकों को प्रदान किए जाते हैं। कलेक्टर के मार्गदर्शन में तहसील कार्यालय बसना ने हाल ही में ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को 1 करोड़ रुपए की मुआवजा राशि वितरित की है। इसके




अलावा आधुनिक रिकॉर्ड रूम के निर्माण के लिए 30 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं, जिससे भूमि से संबंधित दस्तावेजों को ऑनलाइन उपलब्ध कराया जाएगा। तहसीलदार ममता ठाकुर के विशेष पहल से परिसर में नागरिक सुविधाओं में सुधार किया गया है, जैसे रंग-रोगन, गार्डनिंग, शुद्ध पेयजल, और बैठने की व्यवस्था। इसके अतिरिक्त, किसानों के धान पंजीयन और उपार्जन केंद्रों की निगरानी, अवैध धान संग्रहण की जांच, और भू-अभिलेख अद्यतन जैसे कार्य समय पर पूरे किए गए हैं। कार्यपालिक दंडाधिकारी के रूप मे, कानून व्यवस्था बनाए रखना, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, स्वास्थ्य केंद्रों, और शैक्षणिक संस्थानों का निरीक्षण करना और आवश्यक निर्देश जारी करना तहसील कार्यालय की नियमित गतिविधियों में शामिल है। इन प्रयासों ने कार्यालय को नागरिकों और प्रशासन के बीच विश्वास का प्रतीक बना दिया है।

## खबर संक्षेप

### निर्माण श्रमिकों के लिए पंजीयन कार्य 31 तक

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल ने पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को पंजीयन नवीनीकरण का अंतिम अवसर प्रदान करते हुए ऐसे श्रमिक, जिनके पंजीयन की वैधता 1 वर्ष या उससे अधिक समय पूर्व समाप्त हो चुकी है और जिन्होंने अभी तक पंजीयन नवीनीकरण के लिए आवेदन नहीं किया है, वे 31 दिसंबर 2024 तक नवीनीकरण करा सकते हैं। पंजीयन नवीनीकरण के लिए श्रमिक श्रमेव जयते मोबाइल ऐप, मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केंद्र, विभागीय वेबसाइट या च्वाइस सेंटर के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।



### बलिदान दिवस पर स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान देने वाले वीर साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह के बलिदान दिवस पर शहीद स्मारक खरोरा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें पूर्व सैनिक संगठन एवं अग्निवीर प्रशिक्षण शिविर के बच्चों, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, गुलशन चंद्राकर, अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, कनक राम निषाद, रामप्यारी साहू, अरुण साहू, प्रदीप चंद्राकर, नंदकिशोर सिन्हा, आरपी साहू, कन्हैया लाल सोनी, युवराज सिंह चंद्राकर ने कहा कि हर साल 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप से मनाया जाता है। इस दिन सिख धर्म के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह के दो छोटे साहिबजादों, जोरावर सिंह और फतेह सिंह के बलिदान दिवस के रूप से मनाया जाता है। इन युवा साहिबजादों ने देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था।

**आयोजन:** पीजी कॉलेज महासमुंद में वीर बाल दिवस मनाया

# वीर बाल दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य करूणा दुबे की मार्गदर्शन में वीर बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुरुविंदर सिंह चावला राज्य सचिव सिख समाज, प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे, कला संकाय प्रमुख डॉ रीता पांडेय, विज्ञान संकाय प्रमुख डॉ ईपी चेलक, अजय कुमार राजा विभागाध्यक्ष वाणिज्य मंचस्थ रहे। कार्यक्रम की शुभारंभ गुरु वंदना के साथ किया गया। प्राचार्य करुणा दुबे ने अपने उद्बोधन में वीर सपूतों बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह को सादर नमन करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम वीर बाल दिवस सभी छात्र- छात्राओं के लिए प्रेरणादायी रहे और जीवन में पथ प्रदर्शन का कार्य करें। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गुरविंदर सिंह चावला ने वीर बालकों के शहादत से अवगत कराते हुए गुरु गोविंद सिंह के जीवन गाथा बताया। उन्होंने बताया कि माता गुजरी बाई और दोनों बालकों को जब बंदी बनाया गया, तब उन्हें मुगलों ने इस्लाम कबूल करने के लिए प्रताड़ित किया गया लेकिन दोनों बालकों ने मृत्यु स्वीकार कर लिया, लेकिन इस्लाम कबूल नहीं किया। अपनी मातृभूमि के स्वाभिमान की रक्षा के लिए वीर बाल सपूत दीवार में चुन जाना स्वीकार किया। डॉ. रीता पांडेय ने इतिहास ने हुए मुगलों, औरंगजेब एवं सिख युद्ध के घटना पर प्रकाश डालते हुए उस समय के इतिहास को बताया गया। उन्होंने कहा कि निश्चित ही गुरु गोविंद सिंह के दोनों वीर सपूतों ने अपने प्राणों की चिंता न करते हुए विभिन्न यातनाओं को सहकर अपने धर्म को निभाया है, वह बहुत ही स्मरणीय है।




कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थी लोकेश सेन एमएससी वनस्पति विज्ञान, योशिका ठाकुर एमए हिंदी, मनोज देवांगन बीसीए अंतिम वर्ष, शीतल देवांगन बीकॉम अंतिम वर्ष, डीगेश महिलांग बीएससी द्वितीय वर्ष, जागृति दीवान बीएससी द्वितीय वर्ष, ऋतु साहू बीएससी प्रथम सेमेस्टर, तुषार सिन्हा बीएससी प्रथम सेमेस्टर, दीपिका दीवान बीएससी प्रथम सेमेस्टर ने वीर बाल दिवस पर अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉ. मालती तिवारी विभागाध्यक्ष राजनीति, डॉ नीलम अग्रवाल विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र, डॉ आरके अग्रवाल वरिष्ठ प्राध्यापक अर्थशास्त्र, डॉ. अजय कुमार देवांगन विभागाध्यक्ष कंप्यूटर, डॉ. दिलीप बढ़ई विभागाध्यक्ष भूगोल, डॉ. जगदीश सत्यम सहायक प्राध्यापक, डॉ.जीवन चंद्राकर, मुकेश साहू कार्यालय प्रमुख, जनभागीदारी व्याख्याता प्रकाशमणि साहू, कल्याणी साहू, रोहित ढीमर, रासेयो स्वयंसेवक, महाविद्यालय अधिकारी एवं कर्मचारी सहित अधिक संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। संचालन डॉ. सीमारानी प्रधान सहायक प्राध्यापक हिंदी एवं आभार व्यक्त राजेश्वरी सोनी सहायक प्राध्यापक वाणिज्य ने किया।

# साहित्यकार मेहतर राम साहू की स्मृति में सुरता सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध साहित्यकार मेहतर राम साहू की स्मृति में परंपरा अनुसार लगातार 15वां सुरता सम्मान समारोह का आयोजन माता चंडी मंदिर घुंचापाली में आयोजित हुआ। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजन अर्चन अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार रामेश्वर शर्मा, कार्यक्रम अध्यक्षता ऋतुराज साहू रायपुर एवं विशिष्ट अतिथि राजकुमार अग्रवाल राजू कोमाखान रहे। उपस्थित सभी अतिथियों व साहित्यकारों का स्वागत-सम्मान किया गया।


मुख्य अतिथि रामेश्वर शर्मा ने अपने उद्बोधन में साहित्य संदेश बागबाहरा के उक्त आयोजन जो पिछले 15 वर्षों से निरंतरता बनाए हुए है की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि साहित्य और कला की कोई जाति नहीं होती, वह अपने आपमें एक परिवार है, जो भाषा और कला-संस्कृति के लिए काम करता है, उसकी जाति एक ही है। मेहतर राम साहू साहित्य और कला के प्रति जीवनपर्यंत काम किए, उनके योगदान को विस्मृत नहीं किया जा सकता। उनकी रचनाएं, उनकी कलम 1952 से 2010 तक अनवरत साहित्य साधना में लीन रही। कह सकते हैं वे भी साहित्य के संत हैं, ऐसे संतों के योगदान को जीवंत बनाए रखना समाज की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम अध्यक्ष ऋतुराज साहू अध्यक्ष एमए छत्तीसगढ़ी छात्रसंघ ने मुखरता से इस बात पर बल दिया कि हमारे पुरखा साहित्यकारों को इसी तरह मान देना होगा, उनकी रचनाओं को पाठ्यक्रमों में स्थान मिले, उनके व्यक्तित्व-कृतित्व पर चर्चा हो, ताकि आने वाली पीढ़ी उनसे सीख ले सकें। अपने आसपास अथवा छत्तीसगढ़ के विद्यालय, भवनों का नामकरण ऐसे साहित्य-कला अथवा जनसेवा से जुड़े दिवंगत रत्नों के नाम पर होने चाहिए, तभी वह सही मायने में उनके योगदान की सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उद्बोधन पश्चात इस वर्ष का मेहतर राम साहू सम्मान युवा गीतकार व छत्तीसगढ़ महतारी की चित्रकारी कर वाइरल होने वाले ईश्वर साहू बंधी रायपुर को संस्था द्वारा प्रदान किया गया।




इसी क्रम में हरिकृष्ण श्रीवास्तव सम्मान रायपुर के शायर जनाब जावेद नदीम को प्रदान किया गया। सुरता आयोजन का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ी भाखा-साहित्य, कला-संस्कृति पर कार्य करने वाले रत्नों को सम्मानित कर मनोबल बढ़ाना है। सुरता आयोजन में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध साहित्यकार रामेश्वर शर्मा रायपुर, अशोक शर्मा महासमुंद, बंधु राजेश्वर खरे, जावेद नदीम रायपुर, प्रवीण प्रवाह पिथौरा, पूरन जायसवाल, मिनेश साहू गंडई, जितेंद्र सुकुमार साहिर राजिम, बंटी छत्तीसगढ़िया व क्षेत्रीय कविगण अपनी रचनाओं का पाठ कर खूब वाहवाही बंटोरी। संचालन डॉ विकास अग्रवाल व अजय अटपटू बागबाहरा ने किया। कार्यक्रम में डॉ अरुण शुक्ला, रामशरण साहू, जसवंत भारती, हबीब खान समर, डिगेश्वर साहू, अनुराग द्विवेदी, राजा खान, धनराज साहू व संस्था के अन्य सहयोगियों का सहयोग रहा। संस्था द्वारा माता चंडी मंदिर समिति का आभार व्यक्त किया गया, जिन्होंने निशुल्क स्थान मुहैय्या कर साहित्य-कला के प्रति उदारता दिखाई।

### वीर बाल दिवस पर परिचर्चा का आयोजन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में प्राचार्य जीआर सिन्हा के मार्गदर्शन में वीर बाल दिवस के अवसर पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता उदम सिंघ रामगढ़िया ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरू गोविंद सिंह के पुत्र साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के शहादत की याद में हर साल 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने इस अवसर पर इस घटनाक्रम का विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी तथा आभार प्रदर्शन खोमन लाल चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर विमल मन्नाडे, शशिकांत शर्मा, शाला नायिका निधि भोसले, साहित्यिक सचिव लुकेश्वरी साहू, आसी सेन, मधु यादव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



### मंत्री से मिले किसान, रबी फसल के लिए चरौदाबांध से पानी छोड़ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

रबी धान फसल के लिए केशवा नाला चरौदा बांध से पानी छोड़ने की मांग को लेकर किसानों ने छग सरकार के जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप और कृषि मंत्री रामविचार नेताम से चरौदा एमके बाहरा तेलीबांधा पंडकीपाली हाड़ाबंद इत्यादि गांवों के किसान मुलाकात की। मंत्री ने बहुत ही जल्द केनाल पर पानी छोड़ने का आश्वासन दिया। इस दौरान नारायण सिंह ठाकुर, युवराज साहू, कमल साहू, देवकराम साहू, भूखनलाल पटेल, मेवाराम सिन्हा आदि मौजूद रहे।

# 'क्या यही है सुशासन? एक साल के कार्यकाल में बढ़ा भ्रष्टाचार'

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के एक साल के विफल कार्यकाल में कानून व्यवस्था चरमरा गई है और आम जनता बदहाल है। महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराध हो रहे हैं, जिसकी गिनती नहीं है। 33 हजार शिक्षकों की भर्ती में अब तक सरकार की ओर से किसी भी प्रकार की पहल नहीं हुई। प्रदेश के सभी बड़े व छोटे औद्योगिक क्षेत्र में स्थानीय युवाओं की जगह बाहरी लोगों को नौकरी दिया जा रहा है। प्रदेश में लगातार आपराधिक गतिविधियों और नशे के व्यापार में इजाफा होता जा रहा है। धान का उचित समर्थन मूल्य की वादाखिलाफी और खरीदी केंद्रों में व्याप्त अव्यवस्थाओं से किसान अत्यधिक परेशान हैं। अपने वादों के अनुरूप किसानों को एकमुश्त पैसा 3100 रुपए व केंद्र सरकार द्वारा एमएसपी में की गई वृद्धि 117 रुपए सहित 3217 रुपये देना छोड़ उनके साथ छल करने का कुत्सित कार्य भाजपा की सरकार ने किया है। वर्तमान में किसानों को 2300 रुपए ही भुगतान किया जा रहा है। शेष राशि कब और कैसे प्रदान किया जाएगा इस पर सरकार की नियत स्पष्ट नहीं है। इसके अलावा समितियों में धान जाम है, प्रदेश सहित महासमुंद जिले के कई केंद्रों में धान खरीदी बंद हो गई है। महतारी वंदन योजना में बड़े - बड़े कारनामें सामने आ रहे हैं। प्रदेश में लगातार यातायात की अव्यवस्थाओं से बड़े हादसे हो रहे हैं। कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। आदिवासियों की देवभूमि हसदेव जंगल की कटाई अनवरत जारी है। विरोध करने वाले आदिवासियों पर झूठे अपराधिक मामले दर्ज किए जा रहे हैं, उन पर लाठियां बरसाई जा रही है। विपक्ष में रहते 5 सालों तक शराबबंदी की ढोल पीटने वाली भाजपा की सरकार आज युवाओं का भविष्य बर्बाद करने नई-नई शराब नीति बनाकर शराब की बिक्री बढ़ाने होटल व ढाबों में शराब बेच रही है। सरकार ने पूरे प्रदेश को अपराध की ओर झोंक दिया है। भाजपा की साय सरकार महज एक साल में सिर्फ भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का ही कार्य किया है न कि रोकने का। अपराधियों में कानून का डर नहीं है। प्रदेश में जगह-जगह धान चोरी का आरोप लगाकर हत्याएं की जा रही है।



महंगाई कम करने सरकार के पास कोई नीति नहीं है। महंगाई बेतहाशा बढ़ रही है। घर का बजट बिगड़ गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने में सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है, आए दिन बड़ी संख्या में दूसरे प्रदेशों में पलायन हो रहा है। चंद्राकर ने कहा कि किसानों के न्याय योजना की चौथी किस्त तक भाजपा सरकार डकार गए। विष्णु की सुशासन वाली भाजपा सरकार ने लगातार सिर्फ हत्या, लूट, डकैती, चोरी, चैन स्नैचिंग, नशीले पदार्थ का व्यापार, अवैध शराब बिक्री, जुआ-सट्टा सहित जघन्य अपराध प्रदेश की जनता को उपहार में दिया है।

# सोनाखान से निकाली गई बाइक रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

अमृत जगत के मार्गदर्शन में सोनाखान से लगभग 300 बाइक रैली के साथ बसना के हृदय स्थल शहीद वीर नारायण चौक में अमृत जगत और उनकी टीम द्वारा शहीद वीर नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा पाठ किए। बाद छत्तीसगढ़ और ओडिशा प्रदेश के सीमावर्ती तहसील सरायपाली मुख्यालय से 23 किलोमीटर दूर वनांचल पूर्वी परिक्षेत्र सिंघोड़ा चिवराकुटा रायपुर-संबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 53 में ऐतिहासिक वीर घाटी पहुंचे। जहां भारत के स्वतंत्रता संग्राम काल के सन 1857 महाक्रांति के महानायक शहीद वीर नारायण सिंह के ओडिशा राज्य के पारिवारिक रिश्तेदार घेंस जमींदार माधव सिंह के पुत्रों में से हटेसिंह और संबलपुर के राजा शहीद वीर सुरेंद्र साय के मित्र रहे जिन्होंने संयुक्त रूप से अपनी सैन्यबलों परम्परागत अस्त्र शस्त्र भाला बरछी तीर कमान और तलवार बाहुबल से राज्य और मातृभूमि भारत माता की रक्षा के लिए चिवराकुटा रवाना हुए।

# बीकेबाहरा में हुआ आर्ष वीरांगना प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बीकेबाहरा में छत्तीसगढ़ का प्रथम आर्ष कन्या गुरुकुल का निर्माण कार्य जारी है। इसी गुरुकुल के प्रांगण में 24 दिसंबर से 28 दिसंबर तक आर्ष वीरांगना प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। जिसका शुभारंभ पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव के कर कमलों से संपन्न हुआ। प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत वैदिक मंत्रों की ध्वनि के साथ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। साथ ही महर्षि दयानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। बीकेबाहरा में बना रहे राज्य के इस प्रथम कन्या गुरुकुल में आयोजित आर्य वीरांगना प्रशिक्षण शिविर के दौरान बालिकाओं को बौद्धिक शिक्षा, शारीरिक शिक्षा, नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा के साथ-साथ संस्कार की जानकारी व वैदिक दैनिक हवन विधि का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दौरान कन्या गुरुकुल के बाउंड्री वॉल के लिए विधायक से मांग किए जाने पर उन्होंने बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य की घोषणा की। उद्घाटन सत्र के समापन के दौरान आयोजन समिति के सदस्यों ने विधायक को महर्षि देव दयानंद का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान प्रमुख रूप से राकेश विक्रम लाल, तिलक साव, कन्या गुरुकुल की व्यवस्थापिका हेमलता साहू, अवंतिका आर्या, कुमुदिनी साव, रमेश राय सहित बड़ी संख्या में आर्य समाज के पदाधिकारीगण व बलौदाबाजार-भाटापारा, रायपुर बरबसपुर से पहुंचे हुए नागरिकगण तथा ग्राम बीकेबाहरा के नागरिकजन उपस्थित रहे।







# गायत्री शक्ति पीठ में कन्या कौशल शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्ति पीठ बसना द्वारा 22 दिसंबर से 26 दिसंबर तक कन्या कौशल शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शांति कुंज हरिद्वार की प्रशिक्षित पुष्पा वर्मा, पूर्णिमा साहू , नम्रता शुक्ला, पूर्णिमा कश्यप, पूर्णिमा साहू ने विभिन्न विषयों जैसे व्यक्तित्व निर्माण के सूत्र, कर्म फल का सिद्धांत, गर्भ का ज्ञान विज्ञान आदि पर विस्तृत कक्षा लिया। साथ ही विभिन्न प्रकार के क्रियाकलापों द्वारा बच्चों को कक्षा में रोचक तरीके से 5 दिन तक सभी विषयों का जानकारी दी।

प्रतिदिन शाम को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। 5 दिन तक चले शिविर का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। पश्चात पांचवें दिन 9 कुंडीय यज्ञ किया गया। जिसमें 31 दीक्षा संस्कार, 2 विद्यारंभ संस्कार, 2 पुंसवन संस्कार, 5 यज्ञोपवीत संस्कार किया गया। 36 गांवों से आए कुल 170 बहनों ने शिविर में भाग लिया। संपूर्ण कार्यक्रम में देवचंद्र नायक (मुख्य ट्रस्टी गायत्री शक्तिपीठ), रामचंद्र अग्रवाल ( सहायक ट्रस्टी गायत्री शक्तिपीठ), पीआर वर्मा, जयदेव प्रधान, वीरेंद्र होता, कमल साव, जीवराखन पटेल, सांवर अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल का विशेष मार्गदर्शन रहा। महिला प्रकोष्ठ से मालती पटेल, अनिता साहू, कामिनी तिवारी, झरना, त्रिवेणी, सुप्रिया, सोहरमोती, अगरबती, सलीना, ऋतु, उपासना आदि का विशेष सहयोग रहा। युवा प्रकोष्ठ से सर्व लिंगराज साहू, परमानंद पटेल, जितेंद्र भोई, वीरेंद्र पटेल, राधेश्याम, प्रफुल पसायत, अरुण कुमार दीप, पुष्पेंद्र साहू, नंद कुमार पटेल, वासुदेव आदि का सहयोग रहा। इस कन्या कौशल शिविर अंतर्गत बहुत ही गुढ़ बातों को सरल ढंग से छात्राओं के समक्ष रखा गया।



स्वास्थ्य रक्षा के सरल एवं व्यवहारिक सूत्र, कन्या जीवन में तनाव के कारण एवं निवारण, सफलता की कुंजी समय प्रबंधन, ब्रह्मचर्य की साधना, गर्भ का ज्ञान विज्ञान, गायत्री परिवार का उद्देश्य, बुद्धि बढ़ाने की वैज्ञानिक विधि, बाल संस्कार शाला, धन का अपव्यय एवं फैशन परस्ती, मोबाइल के साइड इफेक्ट साधना, स्वाध्याय के माध्यम से स्वयं के व्यक्तित्व को कैसे निखार सके इस बार में संपूर्ण मार्गदर्शन पुष्पा वर्मा दीदी जी की टोली द्वारा दिया गया। इस आयोजन का उद्देश्य यह था कि बेटियां अपने घर को स्वर्ग बनाकर परम पूज्य गुरुदेव के उद्देश्य मनुष्य में देवत्य का उदय व धरती पर स्वर्ग के अवतरण को साकार करेंगी।



**खबर संक्षेप**

## ओमप्रकाश की पुण्य स्मृति दिवस मनाया



**महासमुंद।** अंतराष्ट्रीय आध्यात्मिक संगठन प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक एवं मीडिया प्रभाग के अध्यक्ष राजयोगी ब्रह्मकुमार ओम प्रकाश भाई की 9वीं पुण्य स्मृति दिवस स्थानीय सेवाकेंद्र उपकार भवन नयापारा वार्ड में मनाया गया। समस्त ब्रम्हा कुमारी बहनें एवं ईश्वरीय परिवार ने गुरुवार को सेवा केंद्र में भाईजी को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## खाद्य एवं जिले के प्रभारी मंत्री बघेल आज जिले में

**महासमुंद।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण व जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल शुक्रवार 27 दिसंबर को महासमुंद के दौरे पर रहेंगे। जारी कार्यक्रम



अनुसार खाद्य मंत्री बघेल सुबह 9:45 बजे रायपुर से प्रस्थान करेंगे तथा सुबह 11 बजे महासमुंद पहुंकर स्थानीय स्वामित्व योजना कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। तत्पश्चात दोपहर 2 बजे जिला महासमुंद से बलौदाबाजार के लिए रवाना होंगे।

## स्वामित्व योजना कार्यक्रम का आयोजन आज

**महासमुंद।** स्वामित्व योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 27 दिसम्बर को देशभर के 50 हजार गांवों में 58 लाख प्रॉपर्टी कार्ड का वितरण करेंगे। इस अवसर पर योजना के लाभार्थियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे एवं लाभार्थी कार्डधारकों के साथ संवाद भी करेंगे। इसके तहत जिला स्तर पर स्वामित्व योजना कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन में शुक्रवार 27 दिसंबर 2024 को सुबह 11 बजे से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खाद्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल शामिल होंगे।

## आर्थिक सहायता के लिए अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 04 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमे पानी में डूबने से मृत्यु होने पर बागबाहरा तहसील अंतर्गत ग्राम आंवराडबरी के मृतक लोकनाथ ध्रुव, ग्राम कमरौद के मृतक प्रेम पटेल एवं तहसील बसना अंतर्गत ग्राम मेदनीपुर के मृतक राकेश पटेल के निकटतम वारिसानों के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किए है। इसी तरह आग में जलने से मृत्यु होने पर तहसील सरायपाली अंतर्गत ग्राम चिवराकुटा के मृतक पवित्र भोई के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

**कार्यक्रम : जिला भाजपा कार्यालय में मनाया गया सुशासन दिवस, अटल के कार्यों को किया याद**

# राजनीति में शुचिता के प्रतीक थे अटल बिहारी : सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा शहर मंडल द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री व भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी संदीप दीवान, प्रलय थिटे, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, पूर्व जिला महामंत्री एतराम साहू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा, सुशासन दिवस कार्यक्रम के शहर संयोजक पार्षद देवीचंद राठी, सह संयोजक देवेंद्र चंद्राकर, अनुसूचित जाति जिला महामंत्री उत्तरा प्रहरे सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारतमाता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी बाजपेयी के छाया चित्र पर माल्यार्पण पूजाअर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि राजनीति के क्षेत्र में सिद्धांतों और स्वच्छ राजनीति की प्रेरणा हमे अटल के जीवन से मिलती है। राष्ट्र और जनहित में समर्पित अटल बिहारी बाजपेयी सच्चे अर्थों में भारत ही पूरे विश्व में निर्विवाद जननायक के रूप में जाने जाते है। योगेश्वर ने कहा कि अटल का प्रेरणादायी जीवनकाल हम सभी के लिये गर्व और गौरव की बात है ,इस वर्ष अटल की जन्मशताब्दी वर्ष भी है और इस अवसर सभी कार्यकर्ताओं को उनके बताए हुए राह पर चलकर देशहित के लिए समर्पित रहने का संकल्प लेना है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव की सरकार भी अटल के सुशासन काल को आगे बढ़ाकर जनकल्याण के लिए समर्पित सरकार है। वरिष्ठ भाजपा नेता विधानसभा सह संयोजक संदीप दीवान ने अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार के सुशासन काल का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री रहते हुए उनके कार्यकाल में पोखरण के परमाणु परीक्षण ने भारत देश को शक्तिशाली राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा किया



है। रीति नीति और स्पष्टवादी निष्पक्ष राजनीति के पुरोधा अटल भाजपा के पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष बने और 2 सांसदों से सफर से शुरू हुई भाजपा, अटल की विचारधारा के अनुरूप चलती हुई आज पूरे विश्व की सर्वाधिक संख्या वाली राजनीतिक पार्टी बनी है। विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सदस्य प्रलय थिटे ने कवि हृदयी अटल की कविताओं का पठन करते हुए कहा कि भाजपा के शुरुआती दौर में अटल ने विषम परिस्थितियों में कहा था की अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा, और कमल खिलेगा उत्साह और आत्मविश्वास से भरी अटल की इन पंक्तियों ने पूरे देश के कार्यकर्ताओं में अभूतपूर्व जोश भरा और हम सभी देख रहे है कि पूरे देश में भाजपा के सर्वाधिक सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधि सहित करोड़ो की संख्या में सदस्य है।

पूर्व महामंत्री एतराम साहू ने अटल के जीवन काल से जुड़ी अनेक प्रसंगों का वर्णन करते हुए कहा कि गरीब, मजदूर, किसानों के उत्थान और विकास के कार्यो के कारण ही हम अटल के कार्यकाल को सुशासन काल के रूप में स्मरण कर सुशासन दिवस के रूप में मना रहे है। मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा मूलरुप से कार्यकर्ताओं पर आधारित पार्टी है। एक साधारण परिवार और कार्यकर्ता से देश के प्रधानमंत्री तक का अटल का सफर काफी संघर्ष और कठिन परिस्थियों का रहा है।

केंद्र और राज्य की भाजपा की सरकार अंतिम पंक्ति तंक के व्यक्ति के विकास के लिए समर्पित सरकार है। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, महिला नेत्री उत्तरा प्रहरे ने अटल के प्रधानमंत्री कार्यकाल की योजनाओं को बताते हुए कहा कि भारत देश की आत्मा गांवों में बसती है और शहर के मुख्यमार्गो से गांवों को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण प्रधानमंत्री सड़क योजना के जनक अटल थे। कार्यक्रम के शहर संयोजक पार्षद देवीचंद राठी ने कहा कि आज शहर के सभी वार्डो और बूथों में अटल जी की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करने का कार्यक्रम हुआ है। कार्यक्रम का संचालन शहर महामंत्री प्रकाश शर्मा और आभार कार्यक्रम के सह संयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पार्षद मीना वर्मा, माधवी सिका कौशल्या बंसल, सुनीता देवांगन, हेमलता यादव, संदीप घोष, मनीष शर्मा, महेंद्र जैन, मुन्ना देवार मुन्ना साहू, गणेश नायक, हरबंस सिंह ढिल्लो, विक्की गुरुदत्ता, अमन वर्मा, सोनधर सोनवानी, पप्पू ठाकुर, मुन्ना साहू,मोहन साहू, विक्रम ठाकुर अभिषेक पांडे, महेश चौहान, भगवती करकसे, हेमकांत देवागन, सुनीता साहू, निशा नायक, पाण्डु राम, ऋषभ बाफना, फगुवा पटेल, ज्ञानेश्वरी सर्व, दुर्गा चंद्राकर, घनाराम साहू, पलाश यादव, चंद्रशेखर बेलदार, आकाश पांडेय, पीयूष साहू, पांडु रंगा, राकेश सचदेव, विनोद गुप्ता, शरद मदनकार, रोमी गुरुदत्ता आदि मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती मनाई

## भाजपाइयों ने इसे सुशासन दिवस के रूप में मनाया, विभिन्न मंडलों में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती बुधवार को धूमधाम से मनाई गई। इस शताब्दी वर्ष को भाजपाईयों ने सुशासन दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान भाजपा के सभी विभिन्न मंडलों में कार्यक्रम हुए। इसी के तहत नगर के स्थानीय गीता भवन में भी भाजपाजनों द्वारा वाजपेयी के जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाया। जिसमे भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया गया। भाजपा के कार्यकारी जिला अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक अग्रणी व्यक्ति थे, जिन्होंने अपने कार्यशैली की पहचान संगठन एवं



प्रत्येक कार्यकर्ता के दिल मंत बसाने का काम किया। उनकी जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मना कर पूरा देश उनके सपनों को साकार करने वाली मोदी एवं योगी सरकार के कार्यों के आधारभूत ही अपने श्रृद्धा सुमन अर्पित कर रहा है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन उबोवेजा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी को देश की जनता कई युगों तक याद रखेगी। उन्होंने कहा कि अपने अथक परिश्रम से एक विशाल संगठन खड़ा किया। सभी वर्गों को साथ लेकर चले। उन्होंने देश और समाज का विकास करते हुए कई कल्याणकारी योजनाएं लाए। कार्यक्रम का संचालन स्वर्ण सिंह सलूजा, संयोजक मुरली नायक, रोहित साहू ने किया। इस दौरान प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता, राजेंद्र नायक, गंगाराम पटेल, नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष गुंजन अग्रवाल, तारेश्वरी नायक, रविंद्र पंडा, मनोज दास, प्रमोद सागर, विदित धनानिया, कन्हैया पटेल, डॉ आशीष दास, बाबा सेन, प्रदीप प्रधान, डॉ प्रकाश पटेल, मोहन चौहान, जयप्रकाश यादव, हितेश यादव, किशन जायसवाल, आशीष सेन, इकबाल खान, मुकेश आदित्य, बुद्धेश्वर दास, अनूप तांडी, सहित अनेक भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



## बम्हनी में दिलाई गई सुशासन की शपथ

**महासमुंद।** ग्राम बम्हनी में बुधवार को भारत रत्न और छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष पन्ना साहू एवं युगेश राजु साहू ने वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। उन्होंने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को सुशासन दिवस की शपथ दिलाई। इस अवसर पर पन्ना साहू, युगेश राजू साहू, उत्तम साहू, अक्षय साहू, सित्तू वैष्णव, सुरेश साहू, राकेश साहू, मिथुन निषाद, राकेश साहू, इंद्रकुमार साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## जयंती पर बाजपेयी को किया गया याद

**महासमुंद।** भाजपा शहर मंडल के आव्हान पर पूर्व प्रधानमंत्री-भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की 100वीं जयंती बूथ क्र. 169 में 2 स्थानों पर क्रमशः पुराना गंजपारा व डॉ. अंबेडकर चौक में मनाई गई। अटल की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाए गए। इस अवसर पर भाजपा नगरीय निकाय प्रकोष्ट के जिला संयोजक एवं पार्षद देवीचंद राठी ने कहा कि पूरा देश आज अटल के 100वें जन्मदिन को सुशान दिवस के रूप में मना रहा है। अटल छग राज्य के निर्माता है। यहां की जनता अटल के लिए हमेशा आभारी रहेगी। इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश सचदेव, भाउराम साहू बूथ प्रभारी, पलास, यादव डागा, पूनम औसर सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।



## खट्टी में मनाया गया सुशासन दिवस

**महासमुंद।** ग्राम खट्टी में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमे पूर्व मंडल अध्यक्ष श्याम साकरकर, मंडल अध्यक्ष एवं खट्टी क्षेत्र जनपद सदस्य दिग्विजय साहू, गोविंद सिंह ठाकुर, माखन सिन्हा, किशनू यादव, गोवर्धन यादव, श्रीकांत, युवराज राजपूत, प्रेम साहू, गजेंद्र साहू, बूथ अध्यक्ष दिलीप साहू बूथ अध्यक्ष आदि उपस्थित थे।



## बाजपेयी की जयंती मनाने जुटे भाजपाई

**महासमुंद।** वार्ड नं. 25 में जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग व स्वामी आत्मानंद शासकीय हिंदी माध्यम विद्यालय के अध्यक्ष भाऊ राम साहू के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष भाऊ राम साहू, चिरौंजी साहू,बबलू साहू, रवि ढीमर, पुलकित महेश्वर, योगेश साहू, तनय साहू, मौसम साहू, राजकुमारी साहू, गणेशी प्रजापति, पद्मिनी यादव, पदमा बाई यादव आदि उपस्थित रहे।

# अटल जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए देवराज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अखिल भारत हिंदू महासभा के जिलाध्यक्ष देवराज बघेल पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी के जन्म जयंती पर रायपुर स्थित कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। वहां उन्होंने अटल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उनके अद्वितीय नेतृत्व क्षमता व महान व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए देवराज ने कहा कि अटल ने एक बार संसद के सत्र में कहा था कि - सरकारें आएंगी, जाएंगी, पार्टियां बनेंगी, बिगड़ेंगी, मगर ये देश रहना चाहिए, चूंकि देश सर्वोपरि है, और एक राजनेता को पहले अपने देश के लिए पूरी निष्ठा से काम करना चाहिए। अटल बिहारी वाजपेयी एक नेता तो थे ही साथ ही कविताएं भी लिखा करते थे। उन्होंने देश के लिए भी कविताएं लिखीं। उन्होंने अपने प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल में सभी को साथ लेकर कार्य किया। उन्होंने दलीय भावना से ऊपर उठकर देश विकास में काम करने की प्रेरणा दी। रायपुर कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित उक्त कार्यक्रम में देवराज ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव साय आदि से भी मुलाकात की। इस अवसर पर हेमलाल साहू, रोहित साहू, चंद्रकांत नागेश आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# वाजपेयी का जन्मदिन मनाने जुटे भाजपाई राजनीति व सामाजिक कार्यों को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

भाजपा मंडल भंवरपुर द्वारा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के सौवें जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान भंवरपुर के हृदय स्थल अटल चौक में भारी संख्या में भाजपाइयों ने एकत्रित होकर अटल बिहारी वाजपेई के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना कर उनके विचारों एवं राजनीतिक, सामाजिक, साहित्यिक योगदान को याद किया गया तथा प्रसाद वितरण किया गया।

तत्पश्चात एक सभा के रूप में एकत्रित भाजपाइयों को नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष डेविड चौधरी ने संबोधित करते हुए सभी कार्यकर्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ताओं की सहमति से ही निर्णय लिया जाएगा तथा सभी के सहयोग से भंवरपुर मंडल में भाजपा



को मजबूत किया जाएगा। बैठक को वरिष्ठ भाजपा नेता बीपी देवांगन ने संबोधित करते हुए अटल के योगदान को याद करते हुए उनके सुशासन की चर्चा की। बैठक में संचालन पूर्व महामंत्री एवं सोसायटी अध्यक्ष नरेश तिवारी ने किया।

इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्षगण पुरुषोत्तम फंदी, विद्याचरण चौधरी, वरिष्ठ नेता पुरुषोत्तम बाबू, कार्यक्रम संयोजक डॉ शिव चौधरी, झनकराम चौधरी, करुणाकर उपाध्याय, बालमुकुंद पटेल, ताराचंद साहू, गुलाब स्वर्णकार, जागेश्वर पटेल, धर्मेंद्र पटेल, संजय पटेल, संतराम निषाद, मोहित नायक, गिरधारी नायक, भोजकुमार प्रधान, मोहन जैन, दुर्योधन पटेल, मोहन पटेल, देवकुमार सिदार, प्रकाश पारेश्वर, युधिष्ठिर कर, कमल स्वर्णकार, सरपंच हेमा पटेल, सुशीला बारिक, भगवती चौरसिया, धनीराम खुंटे, रामसिंह नेगी, खिरोद्र देवांगन, भुवनेश्वर चौधरी, सुमित सहित भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



## खैराभाठा में वाजपेयी की जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत खैरा भाठा में बुधवार को भारत रत्न और छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष अखिलेश तिवारी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि राकेश चंद्राकर, लीलाधर विश्वकर्मा, रोमांतक गिरी, सतीश वैष्णव, राजेंद्र वैष्णव, उमा ढीमर, दुलारी तारक, उमा बघेल, श्रीकांत गिरी, समीर यादव, राहुल गुप्ता उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 31 जनवरी तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

**महासमुंद।** आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए जिले में संचालित समस्त शैक्षणिक शासकीय व अशासकीय महाविद्यालय, मेडिकल, कृषि, वेटनरी, पॉलीटेक्निक कॉलेज, आईटीआई, नर्सिंग, डीएड एवं बीएड में अध्ययन कर रहें अनुसूचित, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए पात्र होंगे। ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट पर कर सकते हैं। आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त ने बताया कि ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए नवीन एवं नवीनीकरण ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 तक निर्धारित है। ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने के लिए 15 फरवरी 2025 तक एवं सेंक्शन ऑर्डर लॉक करने के लिए 28 फरवरी तक का समय रहेगा। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि तक कार्रवाई पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था जिम्मेदार होंगे। पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जाएगा। सभी विद्यार्थी आवेदन करते समय ध्यान रखें कि उनका बचत खाता एक्टिव हो एवं आधार सीडेड बैंक खाता नंबर की प्रविष्टि कराएं। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु किए गए आवेदन का सत्यापन आधार से लिंक मोबाईल नंबर पर ओटीपी के माध्यम से किया जाएगा। विद्यार्थी आवेदन करते समय आधार नंबर पर पंजीकृत मोबाइल नंबर की प्रविष्टि कराएं। वर्ष 2024-25 से अजा तथा अजजा के विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप ओटीआर की प्रविष्टि ऑनलाइन आवेदन करते समय किया जाना है।





